Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-३० अंक-१५ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ - १५ अगस्त २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र (रंगीन सहित)



## महामारी मे की गई सहायता 'एक भारत-एकनिष्ठ प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण: प्रधानमंत्री मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-१९ से जुड़ी स्थिति पर चर्चा करने के लिए धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ दिनांक २८.०७.२०२१ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बातचीत भी देशहित में समाज और सरकार द्वारा साथ मिलकर काम करने का अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कोविड-१९ की चुनौतियों से निपटने में इन संगठनों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जाति और धर्म पर बिना विचार किए लोगों को मदद दी गई तथा यह 'एक भारत एकनिष्ठ प्रयास का श्रेष्ठ उदाहरण है। पूरे देश में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा महामारी के दौरान अस्पताल और आइसोलेशन केन्द्र बन गए। इसके साथ ही इन धार्मिक स्थलों के द्वारा जरूरतमंदों को भोजन और दवाएं उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ने इन लीडर्स से स्वतंत्रता की ७५वीं वर्षगांठ के जलसे का हिस्सा बनने के लिए भी कहा। उन्होंने उन सबसे कहा कि वे सुनिश्चित करें कि हर कोई आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बने। इन लीडर्स ने इस बातचीत का आयोजन करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और महामारी के खिलाफ लड़ाई में उनके निर्णायक नेतृत्व की सराहना की।

## रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया मीराबाई चानू का स्वागत



रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव टोक्यो ओलंपिक २०२० में भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर मीराबाई चानू का स्वागत करते हुए, साथ में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुनीत शर्मा।

## प्रमोद कुमार बने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, किया कार्यभार ग्रहण




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक के रूप में दिनांक ३०.०७.२०२१ को प्रमोद कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रमोद कुमार भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के १९८४ परीक्षा बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए भारतीय रेल की सेवा की है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में खुर्जा के मूल निवासी, कुमार का उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सेवित क्षेत्र से पुराना जुड़ाव है। प्रमोद कुमार दयालबाग एजुकेशन इंस्टीट्यूट आगरा के पूर्व छात्र हैं, जहां से उन्होंने १९८४ में बीएससी इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल) स्नातक की डिग्री प्राप्त की। प्रमोद कुमार अपने कैरियर के प्रारंभ में उन्होंने थोड़े समय के लिए आगरा में (परिवीक्षा के दौरान) सहायक बिजली इंजीनियर/ कर्षण वितरण के रूप में भी कार्य किया। इसके बाद उन्होंने चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में जूनियर और सीनियर स्केल में काम किया। कुमार को अपने विषय से संबंधित तकनीकी कार्यों के ज्ञान एवं अनुभव के अलावा सामान्य प्रशासन में भी कार्य करने का वृहत अनुभव है। उन्होंने अपर मंडल रेल प्रबंधक जयपुर, मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, दक्षिण रेलवे के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वह अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के रूप में कार्यरत थे, वहीं उत्तर मध्य रेलवे का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे वी.के. त्रिपाठी, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रमोद कुमार का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।

## कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सरकार ने कसी कमर

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर मेडिकल कॉलेजों में पीआईसीयू में ६५०० बेड तैयार किए गए हैं, जबकि १५ अगस्त तक २०० अतिरिक्त बेड और तैयार किए जाएंगे। सभी बेडों पर वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही ४६०० डाक्टरों को विशेष ट्रेनिंग और मेडिकल कॉलेजों में तैनात ८६५३ पैरा मेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसमें वार्ड ब्वॉय, नर्स, तकनीशियन आदि शामिल हैं। अब तक स्वीकृत ५४८ आक्सीजन प्लांट में २३६ प्लांट सक्रिय हो चुके हैं।

## अब स्टेशन के आउटर पर नहीं लगेगा रेलगाड़ियों का जाम



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। स्टेशन यार्ड क्षेत्र को भी अब मिशन रफ्तार के तहत आधुनिक तकनीक से लैस किया जा रहा है। रेलवे ३-६ किलोमीटर के स्टेशन यार्ड क्षेत्र में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने पर जोर दे रहा है ताकि आउटर पर पहुंच कर ट्रेनों की गति धीमी न हो पाये। बतादें कि नई दिल्ली व लुधियाना स्टेशन यार्ड में १५ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन चलने लगी है। इसका फायदा यह है कि स्टेशन पहुंचने के पहले ट्रेनों की लंबी-लंबी कतारें नहीं लगती है। यह गतिसीमा प्रतिबंध कम सिगनल ओवरलैप और दोनों छोरों पर डबल स्लिप के साथ डायमंड क्रासिंग के चलते बना हुआ था। सूत्रों के अनुसार उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि उत्तर सर्कल के रेल संरक्षा आयुक्त ने लखनऊ स्टेशन के यार्ड क्षेत्र में रेलगाड़ियों के गतिसीमा प्रतिबंध को १० किलोमीटर प्रतिघंटा से बढ़ाकर १५ किलोमीटर प्रतिघंटा करने की अनुमति दे दी है।

# रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन एवं केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे के तत्वाधान में लगा टीकाकरण शिविर



रे.स.ब्यू./प्रयागराज। कोविड-१६ महामारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए रेलवे अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ १०० वैक्सीनेशन कराने का लक्ष्य रखा है इसी क्रम में रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन एवं केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, के तत्वाधान में कोविड-१६ से बचाव हेतु कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन मैत्री क्लब, सिविल लाइन्स पर किया गया। दिनांक १७.०७.२०२१ को इस संगठन एवं केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के चिकित्सा निदेशक रूपा कपिल के तत्वाधान मे, रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज की अध्यक्षा रचना सिह के नेतृत्व में रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में टीकाकरण का महा अभियान चलाया गया और सुनिश्चित किया गया कि रेल विद्युतीकरण संगठन से जुड़े सभी लोग पूर्णरूप से कोविड-१६ बचाव हेतु जारी टीका से युक्त रहें।

## सौर उर्जा हेतु झाँसी मंडल निरंतर प्रयासरत

साभारः झाँसी मंडल गैर परम्परागत ऊर्जा श्रोतो के उपयोग एवं परिस्थिति की संतुलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्पना को साकार करने के लिए झाँसी मंडल में अग्रणी भूमिका निभाते हुये सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर रहा है। अभी तक झांसी मण्डल में १.२०५ मेगा वाट पीक का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। जिसे बाहय स्रोतों द्वारा १.२०५ मेगावाट पीक क्षमता का सौर उर्जा संयंत्र पी.पी.पी. मोड में स्थापित किया गया है। जिसको स्थापित एवं अनुरक्षण करने में रेल राजस्व का कोई व्यय नहीं हो रहा है। सौर ऊर्जा से निमित बिजली के उत्पादन में सर्वाधिक योगदान मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कार्यालय में विभिन्न लोकेशन पर लगे सोलर पैनलों की क्षमता २२० किलो वाट है, जिसके माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में हो रहे बिजली व्यय में गिरावट देखी जा रही है।मंडल रेल चिकित्सालय में संस्थापित सोलर पैनल्स की बिजली उत्पादन क्षमता ५५.४४ किलो वाट तथा इलेक्ट्रिक लोको शेड में संस्थापित पैनल्स की क्षमता ५५.५० किलोवाट है। इसके परिणाम स्वरूप लगभग रू.३६.६२ लाख रेल राजस्व की बचत हुई है।

# भारत-नेपाल रेल संपर्क सेवा होगी और बेहतर



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। समस्तीपुर मंडल के जयनगर और नेपाल के कुर्था के मध्य ३४.५० किलोमीटर लंबे नव-आमान परिवर्तित रेलखंड पर १८.०७.२०२१ को लोकोमोटिव द्वारा ११० किमी प्रतिघंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल किया गया। इस दौरान इरकॉन और नेपाल रेलवे के वरिष्ठ उच्चा- धिकारीगण उपस्थित थे। स्पीड ट्रायल के सफल होने के बाद अब रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाएगा । रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति मिलने तथा भारत और नेपाल के बीच सहमति के बाद आवश्यक तकनीकी और परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के पश्चात् जल्द ही ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया जा सकता है। विदित हो कि भारतीय रेल संचालन और रख-रखाव की प्रक्रिया आदि की जानकारी साझा कर बड़ी रेल लाइन यात्री सेवा के संचालन में नेपाल को पूर्ण सहयोग दे रही है।

भारत-नेपाल मंत्री रेल परियोजना के तहत् प्रथम चरण में आमान परिवर्तित ३४.५० किलोमीटर लंबा जयनगर-कुर्था (नेपाल) रेलखंड लगभग ६१६ करोड़ की अनुमानित लागत वाली जयनगर- बिजलपुरा-बर्दीबास (६६.०८किमी) रेल परियोजना का एक भाग है। इस परियोजना के पहले चरण में बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर स्टेशन को नेपाल के कुर्था से जोड़ा जाएगा।

भविष्य में इसका विस्तार कुर्था से लगभग १८ किलोमीटर आगे बीजलपुरा तक किया जाएगा। यह परियोजना दोनों देशों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# रेलकर्मियों के वैक्सीनेशन के लिये चलाई ARME




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड -१६ महामारी से प्रभावी तरीके से लड़ने के लिए प्रयागराज मण्डल ने अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ साथ १०० वैक्सीनेशन कराने का भी लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर प्रयागराज मण्डल द्वारा वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन के क्रम में दिनांक १६.०७.२०२१ को चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. रूपा कपिल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमंत बहल के मार्गनिर्देशन में प्रयागराज मण्डल ने दूरस्थ स्टेशनों पर कार्यरत रेलकर्मियों के वैक्सीनेशन के लिये ARME का संचालन किया गया। इस दौरान प्रयागराज मण्डल के चुनार, खैराही और चुर्क स्टेशनों पर कार्यरत १८-४४ वर्ष के कर्मचारियों को कोवीशील्ड वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमंत बहल ने बताया कि इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाये जा रहे हैं, और भविष्य में इस प्रकार के अभियान चलाये जायेंगे।

## जेडआरयूसीसी की प्रथम बैठक हो प्रत्यक्ष रूप सेः राघवेंद्र प्रताप सिंह



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सीबीएसई बोर्ड विद्यालय, विशेष आमंत्रित सदस्य श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश सरकार एवं सदस्य जेडआरयूसीसी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सुझाव दिया है कि, नवगठित जेडआरयूसीसी की प्रथम बैठक प्रत्यक्ष ही रूप से होनी चाहिए।

# राजधानी एक्सप्रेस को मिला तेजस का स्लीपर कोच



रे.स.ब्यूरो./नई दिल्ली। यात्रियों को अब राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में देश की पहली प्राइवेट ट्रेन 'तेजस एक्सप्रेस की तरह आनंद मिलेगा। दरअसल, पश्चिम रेलवे की ओर से दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस में तेजस ट्रेन की ही तरह अपग्रेडेड स्मार्ट सुविधाओं से लैस आकर्षक स्लीपर कोच रैक लगाए गए हैं। अच्छी खूबियों के साथ चमकीले सुनहरे रंग के कोच पश्चिम रेलवे द्वारा परिचालित प्रतिष्ठित मुंबई राजधानी एक्सप्रेस में पेश किए जा रहे हैं और इस तरह अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ यात्रा अनुभव देने का दावा किया जा सकेगा। इस नई रैक का १६ जुलाई, २०२१ को पहली बार परिचालन हुआ। वहीं पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने कहा, "तेजस स्मार्ट कोच के इस्तेमाल से, भारतीय रेल का उद्देश्य निवारक रखरखाव के बजाय अनुमानित रखरखाव की ओर बढ़ना है। लंबी दूरी के सफर के लिए इस आधुनिक तेजस स्लीपर टाइप ट्रेन की पेशकश, भारतीय रेल द्वारा यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव में सुधार के लिए बदलाव का एक अन्य उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस टाइप स्लीपर कोच का निर्माण मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) में किया गया है, जो धीरे-धीरे भारतीय रेल नेटवर्क की प्रीमियम लंबी दूरी की ट्रेनों की जगह ले लेंगे। कई खूबियों से लेस इन स्मार्ट कोच को इंटेलिजेंट सेंसर से लैस किया जिसके संकेत पर ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचते ही सफाई की व्यवस्था की जाएगी।

## अब ट्रेन में मिलेगा घर का जैसा अनुभव

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली।रेलवे अब ऐसा कोच तैयार कर रहा है, जिसमें पर्यटकों को सफर के दौरान घर जैसी पूरी सुविधा मिलेगी। दरअसल रेलवे अधिकारियों के इस्तेमाल में आने वाले सलून का इस्तेमाल रेलवे अब आम लोगों के लिए करने जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि आईआरसीटीसी के अधिकारी के अनुसार रेल मंत्रालय की तरफ से सैलून को चलाने की अनुमति मिल गई है। लागत अधिक होने के कारण अभी तक यह योजना परवान नही चढ़ पा रही थी। लेकिन अब कम दरों पर कोच को मंत्रालय ने इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। जल्द ही इसका टेंडर निकाल कर पर्यटकों के इस्तेमाल के लिए पटरी पर दौड़ाया जाएगा। यह कोच एक घर के रूप में डिजाइन होगा, जिसमें बेडरूम,लॉबी व किचेन होगा। जिससे पर्यटक पहाड़, वादियों व झरने का नजारा ले सकेंगे।

# मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज ने किया प.दीनदयाल उपाध्याय खण्ड का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल मोहित चंद्रा ने पं.दीनदयाल उपाध्याय खण्ड का निरीक्षण किया। दिनांकः २१.०७.२०२१ को निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने विंध्याचल स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं जैसे पानी के बूथ, आरक्षण काउंटर, विश्रामालय, वेटिंग रूम आदि का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने विंध्याचल स्टेशन पर स्थापित की जा रही लिफ्टों का भी अवलोकन किया तथा कार्य को शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के निकट बने "नव शक्ति रनिंग रूम "555" का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कृष्ण शुक्ला, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रथम राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय विपिन सिंह, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/परिचालन राहुल त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर दिलीप कुमार राजपूत, वरिष्ठ मण्डल इलेक्ट्रिक इंजीनियर/सामान्य प्रवीन कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंडुआडीह रेलवे स्टेशन का नाम हुआ बनारस




रे.स.ब्यूरो। रेल प्रशासन के द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे बनारस रेल मंडल के अंतर्गत के मंडुआडीह रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बनारस किया गया। इस स्टेशन का अग्रेजी नाम BANARAS एवं कोड (BSB) के और हिन्दी मे बनारस के नाम जाना जाएगा। यह नाम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बनारस रेलवे के स्टेशन के प्लेटफार्मो पर बनारसः के बोर्ड हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी में भी लिखे गए हैं। बनारस बाबा विश्वनाथ की नगरी होने के कारण भारत के उत्तर, पूर्व, पश्चिम, दक्षिणी राज्यों से ही नहीं विदेश के भक्त भी यहां आकर रमे रहते हैं। घाटों पर इनका विचरण कौतूहल पैदा करता है। यहां आने वाले यात्रियों का जब शिव की नगरी के एक नए गौरव से परिचय होता है तो वह नई अनुभूति लेकर जा रहे हैं।

# प्रयागराज स्टेशन के संयुक्त लोको पायलट एवं गार्ड लॉबी में चलाया गया वैक्सीनेशन अभियान

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल ने कोविड -१६ महामारी से लड़ने के लिए अपने कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ १०० वैक्सीनेशन कराने का भी लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य सरकार से समंवय स्थापित कर मंडल में वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रेलकर्मियों को उनके कार्यस्थल पर जा कर वैक्सीन लगायी जा रही है। वैक्सीनेशन अभियान के क्रम में दिनांक २०.०७.२०२१ को चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. रूपा कपिल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमंत बहल के मार्गनिर्देशन में प्रयागराज स्टेशन स्थित लॉबी में वैक्सीनेशन कराया गया। इस दौरान १४० रेलकर्मियों और उनके परिवारजन को कोविडशील्ड वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमंत बहल ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार के अभियान चलाये जाते रहेंगे।

# नहीं रहे इलाहाबाद विवि के पूर्व कुलपति प्रो. सीएल खेत्रपाल

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। जाने माने वैज्ञानिक और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीएल खेत्रपाल (८४) का बुधवार दिनांक २१.०७.२०२१ को लखनऊ स्थित संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआ) में निधन हो गया। उनके परिवार वालों ने उनके पार्थिव शरीर को शोध एवं अनुसंधान के लिए लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को दान करने का निर्णय लिया है। प्रो. खेत्रपाल के निधन पर पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दुख व्यक्त किया है।

# Vendor conference by CORE



Source CPRO/Core: A virtual vendor meet has been organized on 23/07/2021 by Central Organization For Railway Electrification, Prayagraj in collaboration with Confederation of Indian Industries (CII). Y.P. Singh, General Manager, CORE inaugurated this virtual vendor meet and in his speech, he stressed upon development of new vendors for supply in CORE and further emphasized upon the 'Make In India'policy of Government of India. Shri Harish Gupta, Principal Chief Materials Manager gave valuable guidance to vendors regarding use of digital platform for tendering and vendor registration. Akmal Wadood, Chief Materials Manager and Kalyan Singh, Dy.CEE gave presentation on vendor development and supply chain process during the meet. Arun Kumar, Chief Administrative officer, Suresh Kumar, PCSTE, Pramila Singh, PCPO and senior officers of CORE were also present in the meeting. In this vendor meet, 42 vendors participated and showed their interest for registration for the supply of Railway Electrification Items. Jitendra Kumar Mishra, Dy.CMM from CORE and Sarvjeet Singh from CII jointly conducted this virtual vendor meet.

# उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने किया भारतीय दल का उत्साहवर्धन




रे.स.ब्यूरो। उत्तर मध्य रेलवे में टोक्यो ओलंपिक उत्साह चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार दिनांक २२.०७.२०२१ को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय और विभिन्न स्टेशनों पर एक उत्साह का वातावरण बन गया जहां उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ी विभिन्न सेल्फी पॉइंट पर तस्वीरें क्लिक करते और भारतीय दल का उत्साहवर्धन करते देखे गए। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में क्रिकेटर मोहम्मद जाहिद, शीबा कोठारी और रानी ओझा, भाला फेंक खिलाड़ी कृष्णानंद त्रिपाठी, हैमर थ्रोअर शिल्पा सिंह, उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तपस्विनी सामंतराय, एथलीट अजयवीर सिंह, अभिलाष यादव और जिमनास्ट आशीष कुमार और शिवम भारती ने फोटो खिंचवाए और अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर डाली।

प्रयागराज स्टेशन पर भी क्रिकेटर सुशील ओझा, हॉकी खिलाड़ी कुमारी पिंकी और एथलीट दिवाकर शुक्ला के साथ अन्य द्वारा सेल्फी ली गई।

इस संबंध में महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे वी.के. त्रिपाठी ने कहा कि, हमारी कामना और ईश्वर से प्रार्थना है कि भारतीय दल इन खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे।

# पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान ने बढ़ाई आवेदन की अंतिम तिथि

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान (एनआरटीआई) मंत्रालय द्वारा वडोदरा में स्थापित डीम्ड विश्वविद्यालय है। इस संस्थान ने १२वीं कक्षा के परिणामों के नवीनतम कार्यक्रम, जेईई मेन्स, विश्वविद्यालय के स्नातक परिणामों, एआईसीटीई और यूजीसी द्वारा घोषित प्रवेश और शैक्षिक सत्र को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक वर्ष २०२१-२२ के लिए अपने बीबीए, बीएससी, बीटेक, एमबीए और एमएससी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की घोषणा की है। एनआरटीआई की कुलपति अलका अरोड़ा मिश्रा के अनुसार ऐसे अनेक छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाई गई है जो न केवल कोविड के कारण बाधित हैं, बल्कि बारहवीं कक्षा परीक्षा परिणामों की तिथियों में बदलाव, विश्वविद्यालय स्नातक परिणामों, जईई परीक्षा कार्यक्रम और नियामक अधिसूचनाओं से भी प्रभावित हैं। अब बीबीए, बीएससी, एमएससी और एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की आखिरी तिथि २१ अगस्त, २०२१ और बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए १५ सितंबर, २०२१ होगी। छात्रों को अपने विकल्पों का मूल्यांकन करने और एनआरटीआई के प्रतिष्ठित कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। छात्र प्रवेश परीक्षा के लिए www.nrti.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और पंजीकरण कर सकते हैं। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य हैं।

सम्पादकीय

# मीडिया पर हमला एक गंभीर विषय

अफगानिस्तान में दानिश सिद्दीकी भारतीय फोटो पत्रकार की हत्या जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। इस घटना ने पूरे मीडिया को गंभीर चिंता में डाल दिया है।


आखिर पत्रकारों से क्या दुश्मनी है? पत्रकार तो समाज को बेहतर और पारदर्शी बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं, लेकिन दुनिया में ऐसा क्यों होता है कि पत्रकारों को नापसंद किया जाता है जबकि संकटग्रस्त इलाकों में तो पत्रकारों को विशेष रूप से सुरक्षा देने की जरूरत है। आम तौर पर गोलीबारी या मुठभेड़ की स्थिति में किसी पत्रकार को निशाना नहीं बनाया जाता है, लेकिन तालिबान ने जो किया है, वह प्रेस या मीडिया पर हमला है। तालिबान ने भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की कंधार में उस वक्त हत्या कर दी, जब वह अफगान सुरक्षा बलों के साथ हालात की रिपोर्टिंग कर रहे थे। वहीं १३ जुलाई को भी उन पर हमला हुआ था और वह बाल-बाल बचे थे। जिसके बाद उन्होने खुद ट्वीट करके हमले की जानकारी दी थी और कहा था कि वह भाग्यशाली रहे। लेकिन दूसरी बार हुए हमले में वह भाग्यशाली साबित नहीं हुए और उनकी हत्या की खबर दुनिया को स्तब्ध कर गई। तालिबान पत्रकारों को निशाना सच को दबाने के लिए बना रहा है। वहीं इस वर्ष छह पत्रकार रिपोर्टिंग करते हुए वहां शहीद हुए थे। अब समय आ गया है कि जो देश तालिबान के पीछे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खड़े हैं, उन्हें भी सभ्यता और मानवीयता के आईने में अपनी छवि देख लेनी चाहिए। दानिश सिद्दीकी की हत्या अफगानिस्तान और दुनिया के लिए एक निर्णायक बिंदु होनी चाहिए।

# Anupam Sharma takes over charge as the new General Manager of East Central Railway



Source: CPRO/Hajipur. Anupam Sharma has taken over the charge as General Manager, East Central Railway. Prior to this, he wasAdditional General Manager of South Eastern Railway. Sharma is an officer of the Indian Railways Service of Mechanical Engineers (IRSME) having joined the Indian Railways (IR) as a Special Class Apprenticein 1982. He has a Masters Degree in Financial Management from Mumbai University (JBIMS), a Post Graduate Diploma in Public Management and Policy (PGD-PMP) from Indian Institute of Management, Ahmedabad and has attended leadership courses at Bocconi University at Milan, Italy and Carnegie Mellon University at Pittsburgh, USA. He has also visited Germany, Austria, UK, USA, France and China during various study tours concerning a variety of rolling stock. Anupam Sharma has more than 35 years of distinguished service with Indian Railways. He initially served in various positions of Central Railway including field postings in Bhusaval and Mumbai Divisions as also Loco Workshop at Parel and later worked as Chief Motive Power Engineer of North Eastern Railway. He also served asAdditional Divisional Railway Manager of Samastipur Division of East Central Railway and later as Group General Manager (Rolling Stock Design) on deputation with RITES. His tenure at RITES also included brief stints of secondment in Colombia and Saudi Arabia. On return from deputation, he served as Divisional Railway Manager, Chennai and then as Executive Director Mech Engg (Traction) in Railway Board.

# Sanjiv Bhutani joined as new Director General of RDSO



Source. CPRO/RDSO: Sanjiv Bhutani has joined the post of Director General/RDSO on 30th July, 2021. He was earlier working as Principal Chief Electrical Engineer in Western Railway. He graduated from R.E.C. Kurukshetra University in theYear 1984 and belongs to IRSEE 1984 batch.

He has vast experience of Railway & Metro working, having served in various capacities as Branch officer in Electric Loco operation and maintenance, Electric Traction distribution on Ratlam, Vadodra, Kota and Mumbai Central Division of WR, Electrical (construction) of SER and WR and as Group General Manager in Urban Transport (SBU Head) at RITES Ltd./Gurgaon. He has visited France, SouthAfrica and USAfor attending International Railway Strategic Management course. He is Gold Medalist of Kurukshetra University and has received national Award for outstanding services in 2002-03 and 03 nos. of General Mangers Award for rendering meritorious services.

# राजस्व बढ़ाने हेतु बैठक का आयोजन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के वाणिज्य विभाग में गैर किराया राजस्व (Non Fare Revenue) की आय को बढ़ाने हेतु विडियो-कोन्फ्रेंस के माध्यम से दि. १६.०७.२०२१ को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यालय स्तर पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक तथा अन्य विभागों के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों सहित सभी वाणिज्य विभाग के अधिकारी, मण्डल स्तर पर मण्डल रेल प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक एवं विज्ञापन प्रदाता सम्मलित हुए। बैठक के दौरान विज्ञापन से संबन्धित विभिन्न नयी नीतियों/प्रस्ताओं एवं उनसे होने वाली आय में अर्जन हेतु मुख्यालय स्तर पर मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (खान-पान एवं यात्री सेवा) द्वारा तथा मण्डल स्तर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक द्वारा पावर-पॉइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया।

# LHB Rake introduced for Special Trains

Source: CPRO: To enhance safety and ensure comfortable journey for passengers, it has been decided to convert the conventional rake of the following trains to LHB (Linke Hofmann Busch) rake from the dates mentioned below:

1. Train No. 02675/ 02676 Dr MGR Chennai Central - Coimbatore – Dr MGR Chennai Central Daily Special will be operated with LHB rake with effect from 1st August, 2021 from both the destinations 2. Train No. 06079/06080 Dr MGR Chennai Central – KSR Bengaluru - Dr MGR Chennai Central Daily Special will be operated with LHB rake with effect from 12th August, 2021 from both the destinations. Accordingly the trains will run with following composition of 2- AC Chair Cars, 13- Second Class Chair Cars, 4- General Second Class Coaches and 2– Luggage cum Brake Vans.


# सावन में शिवमय हुई संगमनगरी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सावन के प्रथम सोमवार पर संगम नगरी प्रयागराज पूरी तरह शिवमय हो गई वहीं इस बार पहला सोमवार धनिष्ठा नक्षत्र और सौभाग्य योग में लगा जो रोजगार और व्यापार के लिए शुभ है।

ज्योतिषियों के अनुसार धनिष्ठा नक्षत्र और सौभाग्य योग में शिव पूजा से धन और सौभाग्य की प्राप्ति होगी। साथ ही इस योग में किए गए हर कार्य सफल होते हैं। रविवार को कोरोना कर्फ्यू के बावजूद सावन लगते ही संगम से लेकर शिव मंदिरों तक भक्तों की भीड़ लग गई। हर तरफ भक्तिभाव का वातावरण बन गया। शिव मंदिरों में सावन के प्रथम जलाभिषेक की तैयारियों को दिन भर अंतिम रूप दिया जाता रहा।

यमुना तट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पुरुष और महिला भक्तों के दर्शन के लिए अलग- अलग बैरिकेडिंग कराई गई। साथ ही अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा भी लिया।

# चाइल्ड हेल्प लाइन समिति की तिमाही बैठक आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा। चाइल्ड हेल्प लाइन १०६८ कि समिति की तिमाही बैठक का आयोजन कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन में मुख्य अतिथि सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कानपुर संतोष त्रिपाठी की उपस्थिती में किया गया। दिनांक १६.०७.२०२१ को बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं चाइल्ड हेल्प लाइन १०६८ के सहयोगियों को सम्बोधित करते हुये त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर सेंट्रल चाइल्ड हेल्प लाइन प्रतिमाह औसतन २०-२५ बच्चों को उनके परिवारजनों से मिलाने की कार्य करती है। संतोष त्रिपाठी ने चाइल्ड हेल्प लाइन से जुड़े रिकार्डो को और बेहतर तरीके से रखने पर बल दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक रेल सुरक्षा बल, पी.के.ओझा, प्रभारी निरीक्षक जी आर पी अजीत सिह, चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से गौरव एवं उनके सहयोगियों सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित थे। बैठक का संचालन स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने किया।

# पकड़े गए रेलवे ग्रुप डी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। रेलवे ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले दो अभ्यर्थी बृहस्पतिवार दिनांक २२.०७.२०२१ को पकड़े गए। प्रमाणपत्रों की जांच के दौरान आरआरसी कार्यालय में दो अभ्यर्थी पकड़े गए। यह दोनों अभ्यर्थियों ने लिखित रूप से अपनी गलती भी स्वीकार कर ली। बीते तीन दिन में इस तरह से कुल पांच अभ्यर्थी पकड़ में आ चुके हैं। इन पांचों को ही रेलवे की सभी भर्ती परीक्षाओं से डिबार कर दिया गया है। आरआरसी चेयरमैन अतुल मिश्र ने इसकी पुष्टि की है।

## डीएम और एसएसपी जिले स्तर पर ही निपटाएं व्यापारियों की समस्या- सीएम योगी



रे.स.ब्यू/लखनऊ। व्यापारियों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण जिले स्तर पर ही करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी डीएम और एसपी को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को हर महीने में एक निर्धारित तिथि पर व्यापार मंडल और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिसके तहत जिले स्तर पर ही बड़े व छोटे सभी व्यापारियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री ने मंगलवार दिनांक २०.०७.२०२१ को व्यापार और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में अधिकारियों को दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि व्यापारियों के जमीनी विवाद, नए उपक्रम को चालू करने के लिए जमीन की जरूरत, अराजक तत्वों के मामले, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी के साथ उनकी सभी शिकायतों की सुनवाई पर खास फोकस किया जाए।

## अब डिजिटल होगा रेलवे एट ए ग्लांस

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे की समय सारिणी अब डिजिटल एट ए ग्लांस होने जा रहा है। यात्रियों को अब इसी के माध्यम से ही ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान से जुड़ी जानकारी मिलेगी। डिजिटल एट ए ग्लांस का जिम्मा रेलवे ने आईआरसीटीसी को दिया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर कोचिंग राजेश कुमार द्वारा सीएमडी आईआरसीटीसी को पत्र भेजा गया है। जिसकी कापी एनसीआर समेत सभी जोनल रेलवे के सीपीटीएम को भेजी गई है। बता दें कि रेलवे की समय सारिणी का प्रकाशन १५ अगस्त १६२७ से हो रहा है।

## कोविड-१६: संभावित तीसरी लहर से निपटने को जिलाधिकारी प्रयागराज ने दिये निर्देश



साभारः कोविड-१६ की संभावित तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार दिनांक २६.०७.२०२१ को संगम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा-धिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोविड-१६ की संभावित तीसरी लहर से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सैम्पलिंग एवं टेस्टिंग के कार्यों में और तेजी लाये जाने तथा डोर-टू-डोर सर्वे करते हुए सैम्पलिंग की कार्रवाई में तेजी लाये जाने का निर्देश दिये है। इसके साथ ही उन्होने अस्पतालों में गैस पाईपलाइन सहित अन्य शेष बचे हुए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किये जाने का निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शीपू गिरी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. एस.पी.सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूपी के शहरों को मिलेगी मुफ्त वाई फाई की सौगात

रे.स.ब्यू। यूपी के शहरों को मुफ्त वाई फाई की सौगात मिलेगी, अब नगर निगम वाले १७ शहरों समेत उत्तर प्रदेश के २१७ शहरों में लोगों को मुफ्त वाई फाई की सुविधा दी जाएगी। जिसके लिए नगर विकास विभाग ने नगर आयुक्तों व अधिषासी अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें बड़े शहरों में दो व छोटे शहरों में एक स्थान पर मुफ्त वाई फाई की सुविधा की व्यवस्था करने को कहा है। वहीं अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि जिन शहरों में फ्री वाई फाई की सुविधा पहले से है, लेकिन उसमें खामियां होने से लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन खामियों को तत्काल ठीक कराएं।

## यूपी चुनाव २०२२: सपा के साथ गठबंधन करेगी एनसीपी



रे.स.ब्यू./सूत्र। एनसीपी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२२ में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में कूदेगी। लखनऊ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार दिनांक २७.०७.२०२१ को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महासचिव केके शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने यह बात कही। केके शर्मा ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एनसीपी को युवाओं, किसानों और महिलाओं की आवाज उठानी होगी क्योंकि वहां भाजपा सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है। उत्तर प्रदेश का हाल बुरा है। इसे सुधारना होगा। यहां समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर हम चुनाव लड़ेंगे। इस बाबत सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी बात हो गई है और अब केवल सीटों का चयन होना है। वहीं एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि एक अगस्त से एनसीपी प्रदेश भर में प्रदेश बचाओ संविधान बचाओ आंदोलन की शुरुआत करने जा रही है जिसमें किसानों और नौजवानों पर फोकस रहेगा। इस मौके पर संगठन प्रभारी विशाल नाथ तिवारी, हरीश चंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अब आग लगते ही डिब्बों में बजने लगेगा अलार्म



रे.स.ब्यूरो। भारतीय रेलवे ट्रेनों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेनों के कोच में नए सुरक्षा उपायों को अपनाने जा रहा है। इस कड़ी में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ट्रेनों के लिए नए कोच डिजाइन कर रही हैं। जल्द ही ट्रेनों में इस तरह के कोच लगाए जाएंगे जिनमें जैसे ही धुआं उठेगा या आग लगेगी तो आटोमैटिक फायर अलार्म बजाने लग जाएंगे। नए कोचों में अग्निरोधी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए डिब्बों में फायर अलार्म के साथ आग बुझाने वाले यंत्र भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा ट्रेनों के एलएचबी एयर कंडीशनर कोचों में अग्नि सुरक्षा में सुधार और हीटिंग व्यवस्था के लिए रिवर्स साइकिल सुविधा के साथ रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट लगाना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार रेल कोच फैक्ट्री के अधिकारियों ने कहा कि ट्रेनों में शार्ट सर्किट और आगजनी की घटना को कम करने के लिए रेल कोच फैक्ट्री नए कोच डिजाइन कर रही है।

## "माँ जैसी"

### (लघुकथा)

अपनी माँ का वह इकलौता बेटा! माँ का बेटा इसलिए क्योंकि पिता तो उसके बचपन में ही चल बसे थे। रिश्तेदारों ने भी जब मुँह फेर लिया तो पड़ोसियों के कपड़े सीकर बड़े संघर्षो के साथ उसकी माँ ने उसे पाला था। अपनी आँखों के सामने ही उसने रंग बदलते रिश्तेदारों को देखा था और दुनियादारी की समझ उसे बहुत कम उम्र से ही आ गई थी। इन सबके बावजूद हमेशा सुरक्षा कवच बनकर उसके साथ खड़ी माँ की ममता भी उसके दिल में बसी थी और उसने मन ही मन प्रण किया था कि अपनी माँ की आँखों में कभी आँसू नहीं आने देगा। जब एस.एस.सी. की परीक्षा में उसका चयन हुआ तो उससे ज्यादा उसकी माँ खुश हुई थीं, लेकिन जब उसे दूसरे शहर आना पड़ा तो माँ के आँसू रोके नहीं रुक रहे थे, पर वह भी क्या करता! वह तो रो भी नहीं सकता था, वरना माँ को कैसे संभाल पाता। सरकारी होस्टल में रहने तो वह अकेले आ गया था, लेकिन माँ की यादें साये की तरह उसके साथ थीं। रात भर सोया भी नहीं गया उससे। सुबह उठकर मुँह धोकर बालकनी में आया। आँखों की नमी पूरे चेहरे पर आ गई थी, तभी प्रातः पवन का झोंका उसके चेहरे को छू गया। उसे लगा जैसे माँ का स्पर्श उसके आँसू पोछ ले गया। पहली बार उसने महसूस किया कि माँ जैसा कोई और भी है जो शुद्ध वायु के रूप में उसे जीवनदान देता रहता है। ममता के इस नए स्पर्श ने उसमें एक नई ऊर्जा भर दी। उसकी उदासी पलक झपकते ही गायब हो गई और होंठों पर मुस्कुराहट तैर गई। आत्मविश्वास से सराबोर वह अपनी नई मंजिल की ओर बढ़ चला।



भावना गौड़ समीक्षा
संपर्क: जी/१६३, डीएलएफ,न्यू टाउन हाइट्स
सेक्टर ६१, गुड़गांव, हरियाणा

# विकास में नंबर वन बन रहा है यूपी-अमित शाह



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश में मिर्ज़ापुर पहुंचे जहां उन्होने मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। दिनांकः ०१.०८.२०२१ को कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री अनुराधा पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि विकास और कानून व्यवस्था की दृष्टि से यूपी देश में नंबर वन बन रहा है। देश की ४४ प्रमुख विकास योजनाओं में यूपी पहले नंबर पर है। रविवार को राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की पीठ थपथपाते हुए शाह ने कहा कि साढ़े चार साल में योगी सरकार के कामकाज का परिणाम है कि यूपी की अर्थव्यवस्था ११ लाख करोड़ से बढ़कर २२ लाख करोड़ हो गई है। गृहमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है तब से राज्य में विकास के ढेर सारे काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि विंध्यवासिनी परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो रोप वे बना है और जो अन्य विकास कार्य हो रहे हैं उनके लिए योगी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

## डीए में वृद्धि से रेलकर्मियों ने जताई खुशी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलकर्मियों ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की बहाली और उसे १७ से २८ फीसदी किए जाने पर खुशी जताई है। रेलवे की मान्यता प्राप्त यूनियन नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन और नाथ सेंट्रल रेलवे इंपलाइज संघ ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। मेंस यूनियन के महामंत्री आरडी यादव ने कहा कि यूनियन द्वारा डीए बढ़ोतरी को लेकर लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा था। उन्होने कहा कि देर से ही सही सरकार ने यूनियन के दबाव में आकर इसमें ११ फीसदी की वृद्धि का निर्णय लिया जिसका हम स्वागत करते हैं।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु तत्पर रेल सुरक्षा बल

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों के साथ साथ रेल परिसम्पत्ति की सुरक्षा का दायित्व पूरी कुशलता के साथ ही निर्वहित किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्तमान वित्त वर्ष २०२१-२२ की पहली तिमाही के दौरान अपने सामजिक दायित्वों के प्रति जाग'त एवं सतर्क संगठन के रूप में कार्य करते हुए स्टेशन पर भटक कर पहुंचे १०४ बालकों तथा ६० बालिकाओं को उनके परिजनो या एनजीओ को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया। इसी अवधि में यात्रियों के छूट/भूले हुए ४५ मोबाइल, ०३ लैपटाप तथा रूपये ५६,४६५/- कैश को संबंधित यात्रियों को वापस किया गया। रेल यात्रियों को सुविधायुक्त तरीके से टिकट उपलब्धता सुनिश्चित करने के क्रम में रेल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले १८ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। ट्रेनो के विलंबन को रोकने के लिए अलार्म चेन पुलिंग करने वाले ५७४ व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। इस लोगों पर न्यायालय द्वारा १,६४,१८०/-रूपये जुर्माना लगाया गया। स्वच्छ भारत अभियान मे योगदान करते हुए जनजागरूकता की दृष्टि से गाड़ियों/रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले/न्यूसेंस करने वाले १२२ व्यक्तियों पर न्यायालय के माध्यम से रूपये २४,०५०/- जुर्माना लगाया गया। इसी क्रम में अवैध वेण्डिंग करने वाले ८१६ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिन पर न्यायालय द्वारा ४,०८,६१०/-रूपये जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त रेल सुरक्षा बल के कर्मियों ने कोविड-१६ से संबंधित प्रोटोकॉल को स्टेशनों एवं ट्रेनों मे अनुपालन करवाने में भी उल्लेखनीय योगदान किया।

# रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा महोबा- खजुराहो रेलखंड का निरीक्षण

रे.स.ब्यू./सूत्र। रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर-पूर्व परिक्षेत्र मोहम्मद लतीफ़ खान द्वारा सी आर एस स्पेशल रेलगाड़ी से महोबा-खजुराहो रेलखंड के नव विद्युतीकृत कार्य का निरीक्षण किया गया। दिनांक :२८.०७.२१ को निरीक्षण के अंतर्गत ट्रैक, पॉइंट्स, सिग्नल, OHE वायरिंग, खंड के मध्य पड़ने वाले स्टेशन, सिग्नल इंस्टालेशन आदि का गहन निरीक्षण किया गया। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा उक्त खंड में विद्युत् इंजन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया गया। उल्लेखनीय है कि झाँसी मंडल के ज्यदातर भाग विद्युतिकृत है, शेष बचे ब्रॉड गेज खंड पर विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। महोबा-खजुराहो रेलखंड ६४ किलोमीटर का है जिसमें लगभग ५० करोड़ की लागत से विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर, प्रमुख मुख्य विद्युत् इंजीनियर सतीश कोठारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता रजत कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अशोक प्रिय गौतम सहित अधिकारीगण, निरीक्षक, पर्यवेक्षक एवं उपस्थित रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे में टीटीई की फर्जी ड्यूटी लगाने का पकड़ा गया खेल

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन पर घर बैठे वेतन लेने का मामला सामने आया है टीटीई द्वारा ड्यूटी किए बगैर रोस्टर पर फर्जी हस्ताक्षर के जरिये वेतन लिया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार रेल मंत्रालय तक यह मामला पहुंचने के बाद रेलवे प्रशासन ने एक सीआईटी को हटा दिया है। बता दें कि प्रयागराज जंक्शन स्थित सीआईटी लाइन में रोस्टर के जरिये ही टीटीई की ड्यूटी आदि लगाई जाती है। पिछले वर्ष लगे लॉकडाउन के बाद जब रेल संचालन शुरू हुआ तो सीआईटी लाइन में तैनात कई टीटीई ड्यूटी पर वापस नहीं आए और इन सभी का फर्जी हस्ताक्षर रोस्टर पर हो गया। आरोप है कि इसकी एवज में उन सभी से पैसे लिए गए। यह मामला वाणिज्य विभाग के कुछ अफसरों के समक्ष भी आया, उसके बाद भी रोस्टर में फर्जी हस्ताक्षर करने का खेल जारी रहा। वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि तकरीबन ऐसे ३० टीटीई हैं जिनकी नियम विरुद्ध प्रतिदिन ड्यूटी एक ही ट्रेन में लगाई जाती है। इस मामले में एनसीआर के सीपीआरओ डॉ. शिवम शर्मा के अनुसार सीआईटी लाइन में तैनात सुरेंद्र पांडेय की शिकायत सामने आने के बाद उन्हें वहां से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि सीनियर डीसीएम टू विपिन सिंह ने रोस्टर की डिजिटाइजेशन करने की भी प्रक्रिया शुरू कर दी है। ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी से बचा जा सके।

# माल परिवहन में वृद्धि के मद्देनजर अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया दौरा



रे.स.ब्यू./सूत्र। पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल (डीडीयू मंडल) के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में माल परिवहन में वृद्धि के साथ-साथ व्यापारी बंधुओं की सुविधा एवं लाभ हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। इसके लिए मंडल में विशेष बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट भी गठित है। डीडीयू मंडल क्षेत्र के विभिन्न उद्यमियों एवं व्यापारियों से निरंतर संपर्क कर उन्हें माल परिवहन संबंधी रेल सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है तथा रेल सेवाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक ३०.०७.२०२१ को मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) राकेश कुमार रौशन द्वारा मंडल क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गावती इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स का दौरा किया गया। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक के साथ वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक सुधांशु रंजन व मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार मौजूद रहे।

इसके साथ ही अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार रौशन द्वारा गुड्स शेड के निर्माण की कार्य प्रगति का जायजा भी लिया गया। दुर्गावती गुड्स शेड विकसित हो जाने पर स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को रेल से माल परिवहन में सुविधा होगी जिससे उनको लाभ होगा।

# महाप्रबन्धक/कोर ने की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोर की सभी परियोजनाओं के मुख्य परियोजना निदेशकों के साथ बैठक आयोजित हुई। दिनांक २७ जुलाई २०२१ को इस बैठक में सभी परियोजनाओं के निदेशक, मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जिसमें महाप्रबन्धक/कोर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे बोर्ड द्वारा प्राप्त निर्देशों को फील्ड यूनिट तक पहुँचाना है। महाप्रबन्धक/कोर ने सभी परियोजना निदेशकों को निर्देशित किया की कोविड-१६ से हुई मृत्यु से प्रभावित परिवारों को शीघ्र से शीघ्र देय सभी लाभों को प्रदान करें और इसको व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर सूचित करें। बैठक के अंत में महा प्रबन्धक ने सभी को मिशन मोड पर कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि रेल विद्युती-करण के कार्य में आ रही सभी अड़चनों को दूर कर समय से विद्युती- करण के कार्यों को पूरा करें।

# रेल पार्सल की होगी अब ऑनलाइन बुकिंग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल प्रशासन सभी विभागीय कार्यप्रणाली को डिजटलाइज़ करने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में रेल प्रशासन ने पार्सल की ऑनलाइन बुकिंग की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए ग्राहकों को तेजी से बुकिंग की सुविधा के लिए ई-फॉरवर्डिंग नोट जनरेट करने का विकल्प दिया है। आम जनता की सुविधा के लिए स्टेशनों पर उपलब्ध अग्रेषण नोट प्रारूप पार्सल वेबसाइट www.parcel.indianrail.gov पर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए ग्राहक को इस वेबसाइट से रजिस्टर और लॉग इन करना होगा।

# कर्मचारियों की संतुष्टि को लागू हुई ग्रॉस हैप्पीनेस इंडेक्स प्रणाली

रे.स.ब्यूरो./प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे भारतीय रेल के सबसे व्यस्त ज़ोन है, यहां संरक्षायुक्त ट्रेन संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। संरक्षा में सुधार के लिए, उत्तर मध्य रेलवे ने अपने रनिंग स्टॉफ के मनोबल को बढ़ाने के लिए एक अनूठा नवाचार लागू किया है। एक मोटिवेटेड कर्मचारी संगठन के लिए सबसे कीमती एसेट है। इस अवधारणा पर काम करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे ने अपने रनिंग स्टॉफ के संतुष्टि स्तर को मापने भारतीय रेल में पहली बार एक अनूठी प्रणाली ग्रॉस हैप्पीनेस इंडेक्स को अपनाया है। रनिंग रूम की सुविधा लोकोपायलटों व सहायक लोकोपायलटों को निर्धारित कार्य अवधि के बाद आराम के लिए प्रयुक्ति होती है। लोकोपायलटों व सहायक लोकोपायलटों का काम निरंतर एकाग्रता का होता है और उनके द्वारा एकाग्रता और सतर्कता में को चूक होने पर दुर्घटना हो सकती है अतः रनिंग स्टॉफ को समुचित आराम मिलना बहुत महत्वतपूर्ण है।

# डी.एल.डब्ल्यू. कोविड के बावजूद तीसरा रेल इंजन मोजाम्बिक को किया निर्यात

रे.स.ब्यू.। बनारस रेल इंजन कारखाना की महाप्रबंधक अंजली गोयल के कुशल नेतृत्व में बरेका टीम की कार्य प्रणाली और मेडिकल टीम के समर्पित देखभाल से दूसरी लहर में २०:से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कोविड से प्रभावित होने के बावजूद बरेका ने कोबिड प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन करते हुए उत्पादन कार्य जारी रखा। इस दौरान जो कर्मचारी डबल वैक्सीन ले चुके थे एवं जिस कर्मचारी को कोविड हो चुका था, उनके स्वस्थ होने के उपरांत पुनः दृढ़ निश्चय एवं सावधानी से कार्य करते हुए, इस अवधि (अप्रैल-मई २०२१) में पिछले वर्ष के ८ रेल इंजनों के उत्पादन की तुलना में ३४ विद्युत रेल इंजन एवं मोजाम्बिक निर्यात के लिए तीसरे डीजल रेल इंजन का उत्पादन किया गया, जिसे मोजाम्बिक को भेजा जा रहा है। मोजाम्बिक निर्यात हेतु चौथा रेल इंजन भी बनकर लगभग तैयार है। इसकी टेस्टिंग की जा रही है और इसे भी जल्द ही मोजाम्बिक के लिए रवाना कर दिया जाएगा। बरेका ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी अपना टारगेट पूरा करने के साथ-साथ एक्सपोर्ट आर्डर को भी समय से पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इससे बरेका ही नहीं बल्कि पूरे भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रम को और बढ़ावा मिलेगा।


## विशेष रेलगाड़ियाँ – 2021

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शाई गई तिथियों से संचालित करने का निर्णय लिया गया है:–

| विशेष रेलगाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | फ्रिक्वेंसी/दिन | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04046 | हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष | आनन्द विहार (ट) | 17:20 | मधुपुर जं. | 10:15 | साप्ताहिक गुरुवार | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04045 | | मधुपुर जं. | 17:05 | आनन्द विहार (ट) | 10:50 | साप्ताहिक शुक्रवार | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04050 | आनन्द विहार (ट)–बलिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष | आनन्द विहार (ट) | 23:55 | बलिया | 14:05 | साप्ताहिक शनिवार | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04049 | | बलिया | 22:10 | आनन्द विहार (ट) | 12:25 | साप्ताहिक रविवार | 25.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04035 | धौलाधार एक्सप्रेस विशेष | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 23:15 | पठानकोट जं. | 08:10 | सप्ताह में तीन दिन सोम, बुध, शुक्र | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04036 | | पठानकोट जं. | 23:40 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 09:35 | सप्ताह में तीन दिन मंगल, गुरू, शनि | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04058 | गरीबरथ एक्सप्रेस विशेष | आनन्द विहार (ट) | 17:20 | जयनगर | 13:35 | सप्ताह में दो दिन मंगल, शनि | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04057 | | जयनगर | 12:10 | आनन्द विहार (ट) | 08:50 | सप्ताह में दो दिन सोम, शुक्र | 26.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04040 | हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष | आनन्द विहार (ट) | 12:45 | मधुपुर जं. | 05:25 | साप्ताहिक सोमवार | 26.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04039 | | मधुपुर जं. | 12:15 | आनन्द विहार (ट) | 06:25 | साप्ताहिक मंगलवार | 27.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04038 | नई दिल्ली– सिलचर एक्सप्रेस विशेष | नई दिल्ली | 23:45 | सिलचर | 19:35 | साप्ताहिक गुरुवार | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04037 | | सिलचर | 18:50 | नई दिल्ली | 12:35 | साप्ताहिक सोमवार | 26.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04032 | नई दिल्ली–गुवाहाटी सुपरफास्ट एक्स. विशेष | नई दिल्ली | 23:45 | गुवाहाटी | 08:20 | सप्ताह में दो दिन बुध, रवि | 25.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04031 | | गुवाहाटी | 06:15 | नई दिल्ली | 12:35 | सप्ताह में दो दिन बुध, शनि | 28.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04085 | दिल्ली सराय रोहिल्ला–उधमपुर एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 22:20 | उधमपुर | 08:50 | सप्ताह में तीन दिन सोम, बुध, शनि | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04086 | | उधमपुर | 18:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 03:55 | सप्ताह में तीन दिन मंगल, गुरु, रवि | 25.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04488 | सतलज एक्सप्रेस विशेष | फिरोज़पुर कैंट जं. | 17:40 | चण्डीगढ़ | 23:30 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04487 | | चण्डीगढ़ | 04:20 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 09:45 | प्रतिदिन | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04669 | फिरोजपुर कैन्ट जं.–हनुमानगढ़ जं. एक्सप्रेस विशेष | फिरोज़पुर कैंट जं. | 05:10 | हनुमानगढ़ जं. | 10:20 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04670 | | हनुमानगढ़ जं. | 11:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 16:25 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04489 | रावी एक्सप्रेस विशेष | अमृतसर जं. | 09:15 | पठानकोट जं. | 11:40 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04490 | | पठानकोट जं. | 14:00 | अमृतसर जं. | 16:35 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04538 | नंगल डैम–अमृतसर जं. एक्सप्रेस विशेष | नंगल डैम | 07:15 | अमृतसर जं. | 13:05 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04537 | | अमृतसर जं. | 14:00 | नंगल डैम | 19:55 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04539 | बान्द्रा टर्मिनस–चण्डीगढ़ सुपरफास्ट एक्स. विशेष | बान्द्रा टर्मिनस | 12:00 | चण्डीगढ़ | 14:20 | सप्ताह में दो दिन सोम, गुरु | 26.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04540 | | चण्डीगढ़ | 05:35 | बान्द्रा टर्मिनस | 07:30 | सप्ताह में दो दिन बुध, रवि | 25.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04541 | चण्डीगढ़–अमृतसर जं. एक्सप्रेस विशेष | चण्डीगढ़ | 16:50 | अमृतसर जं. | 21:25 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04542 | | अमृतसर जं. | 05:10 | चण्डीगढ़ | 09:45 | प्रतिदिन | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04323 | नई दिल्ली–रोहतक जं. इंटरसिटी एक्स. विशेष | नई दिल्ली | 10:45 | रोहतक जं. | 12:15 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04324 | | रोहतक जं. | 14:20 | नई दिल्ली | 15:55 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04320 | बरेली–इन्दौर जं. एक्सप्रेस विशेष | बरेली | 11:25 | इन्दौर जं. | 08:55 | साप्ताहिक बुधवार | 28.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04319 | | इन्दौर जं. | 16:47 | बरेली | 15:20 | साप्ताहिक गुरुवार | 29.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04310 | उज्जैनी एक्सप्रेस विशेष | देहरादून | 05:50 | उज्जैन जं. | 04:00 | सप्ताह में दो दिन मंगल, बुध | 27.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04309 | | उज्जैन जं. | 21:05 | देहरादून | 19:45 | सप्ताह में दो दिन बुध, गुरु | 28.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04318 | देहरादून–इन्दौर जं. एक्सप्रेस विशेष | देहरादून | 05:50 | इन्दौर जं. | 06:10 | सप्ताह में दो दिन शुक्र, शनि | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04317 | | इन्दौर जं. | 18:40 | देहरादून | 19:45 | सप्ताह में दो दिन शनि, रवि | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04223 | बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस विशेष | राजगीर | 23:35 | वाराणसी जं. | 08:45 | प्रतिदिन | 23.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04224 | | वाराणसी जं. | 20:30 | राजगीर | 06:05 | प्रतिदिन | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04219 | वाराणसी जं.–लखनऊ एक्सप्रेस विशेष | वाराणसी जं. | 05:15 | लखनऊ | 11:25 | रविवार को छोड़कर | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04220 | | लखनऊ | 13:00 | वाराणसी जं. | 20:25 | रविवार को छोड़कर | 22.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04259 | एकात्मता एक्सप्रेस विशेष | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 22:55 | लखनऊ | 05:40 | साप्ताहिक रविवार | 25.07.2021 से अगले आदेश तक |
| 04260 | | लखनऊ | 23:30 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 06:44 | साप्ताहिक शनिवार | 24.07.2021 से अगले आदेश तक |

**नोटः रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड–19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि इन रेल सेवाओं के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं आगमन/प्रस्थान समय की विस्तृत जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139
रेलमदद वेबसाइटः www.railmadad.indianrailways.gov.in
देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तर मध्य रेलवे में क्वार्टर आवंटन प्रणाली लॉन्च



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलकर्मियों को पारदर्शीतरीके से क्वार्टर आवंटन सुनिश्चित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में एक वेब एप्लिकेशन एनसीआर-क्यूएएस (उत्तर मध्य रेलवे-क्वार्टर आवंटन प्रणाली) को लॉंच किया गया है। यह एप्लीकेशन वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एन के सिन्हा के मार्गदर्शन तथा मन्नू प्रकाश दुबे मुख्य प्रबंधक/आई टी के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय की आई टी सेल द्वारा आंतरिक स्रोतों से विकसित किया गया है। इस वेब एप्लिकेशन को ऑनलाइन क्वार्टर आवंटन के लिए विकसित किया गया है और इसमें क्वार्टर प्रबंधन प्रणाली के साथ ऑनलाइन प्राथमिकता प्रबंधन भी शामिल है।

यह आवेदन पुरानी मैनुअल प्रक्रिया का स्थान लेगा और क्वार्टर आवंटन प्रक्रिया में सुधार के साथ पारदर्शिता लाएगा।



जेड आर यू सी सी सदस्य, रेल मंत्रालय, भारत सरकार एव प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट कर उन्हे सम्मान स्वरूप रेल समाचार ब्यूरो समाचार पत्र देते हुए साथ मे हैं विशेष आमंत्रित सदस्य श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश सरकार एवं सदस्य जेडआरयू सीसी राघवेंद्र प्रताप सिंह।

# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल,मुख्यालय हाजीपुर में सभी विभागों के कार्यालय अधीक्षक मुख्य कार्यालय अधीक्षकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए अजीत प्रताप वर्मा, उप मुराधि सह उप मुसिदूइं/डीएंडडी ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में कार्यशालाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने ई-ऑफिस का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल शत-प्रतिशत कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संपन्न हो रहे हैं और इस माध्यम से हिंदी में कार्य करना बहुत आसान है।

इस अवसर पर उन्होंने ने राजभाषा के संवैधानिक विकास के संबंध में विस्तार से समझाया और कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। सहायक सामग्री प्रबंधक लक्ष्मी कुमार सिंह ने कहा कि निरंतर अभ्यास और इच्छाशक्ति के साथ हम किसी भाषा को सीख सकते हैं। हिंदी भाषा और उसकी लिपि सरल, सहज, बोधगम्य है, क्योंकि यह वैज्ञानिकता के सर्वाधिक नजदीक है।

कार्यषाला में रामेश्वर राय, राधेश्याम राय, आर. पी. चौधरी, सुधांशु कुमार, अंशुश्रीवास, राजेश देव, राजेश कुमार आदि कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजकिशोर सिंह, वरि. अनुवादक द्वारा किया गया।

## कोविड-१६ : बच्चों के उपचार हेतु पीडियाट्रिक इन्टेनसिव केयर यूनिट की हो रही स्थापना

साभारः पीडियाट्रिक इन्टेनसिव केयर यूनिट को बेड, आक्सीजन, मल्टीपैरामानीटर, बाई पैप, आई०सी०यू० बेड अन्य आवश्यक उपकरण तथा आक्सीजन जनरेशन प्लान्ट आदि से किया जा रहा सुसज्जित कोविड-१६ संक्रमण की तीसरी लहर आने की स्थिति में बच्चों के लिए कोविड-१६ के उपचार हेतु जनपद प्रयागराज में नगरीय क्षेत्र में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय तथा ग्रामीण क्षेत्र में चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों यथा फूलपुर, कोटव एट बनी, माण्डा एवं रामनगर में पीडियाट्रिक इन्टेनसिव केयर यूनिट की स्थापना की जा रही है। इन समस्त चिकित्सालयों में बेड, आक्सीजन, मल्टीपैरामानीटर, बाई पैप, आई०सी०यू० बेड, अन्य आवश्यक उपकरण तथा आक्सीजन जनरेशन प्लान्ट आदि से सुसज्जित किया जा रहा है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो
कैम्प कार्यालयः ८४३६, आर्य नगर, पहाड़गंज दिल्ली - ५५

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा वन महोत्सव आयोजित



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज के सदस्य, आपदा एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान करके उनके जीवन को बचाने में सदैव अग्रणी पंक्ति में रहे है। पर्यावरण सुधार एवं मानव जीवन हेतु पर्याप्त ऑक्सीजन की आवश्यकता को ध्यान में रखकर उत्तर मध्य रेलवे, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज द्वारा उत्तर मध्य रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय के प्रांगण में वन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग ४० पौधे रोपे गए। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय एवं डिविजनल कमांडर, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, एम. के. कुलश्रेष्ठ एवं सदस्य रेल सलाहकार समिति ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा पौधा रोप कर किया गया। इस कार्यक्रम में माहिबुल्ला, पवन कुमार यादव, अलोक कुमार वर्मा, ए.के आर्य, अनूप श्रीवास्तव एवं जे. के. विश्वकर्मा सहित ब्रिगेड के लगभग ३० सदस्यों ने भाग लिया एवं अपने घर व आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ ली।

## कोलकाता-झांसी सुपरफास्टा विशेष गाड़ी का बदला समय

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में सूचित गाड़ी सं. ०११०५ कोलकाता- झांसी सुपर फास्ट विशेष गाड़ी के कोलकाता स्टेशन पर समय में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है, अब कोलकाता स्टेशन पर इस गाड़ी का समय ०७:३० बजे के स्थान पर ०७:२५ होगा।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./ डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों/सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867